विद्यालय का नामः.................................................................................................

# वार्षिक परीक्षा 2024-25

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| विषय–विज्ञान | पूर्णांक–70 | कक्षा–7 | समय–2:30 घण्टे | नामः–........................................ |

**भाग–अ**

निर्देशः– सभी प्रश्नों का हल उतर पुस्तिका में लिखों।

–: वस्तुनिष्ठ प्रश्नः–

1. वायुमण्डल से मुख्यतः जिस भाग द्वारा पादप कार्बनडाई ऑक्साइड प्राप्त करते हैं, वह है–
(अ) जड़ (ब) तना (स) पुष्प (द) पतियाँ ( )
2. उष्ण कटिबंधीय वर्षा वन नहीं पाये जाते है–
(अ) भारत में (ब) ब्राजील में (स) स्वीडन में (द) मलेशिया में ( )
3. निम्नलिखित में से किस स्थान पर चक्रवात आने की संभावना नहीं होती है?
(अ) चैन्नई (ब) मेंगलुरू (स) अमृतसर (द) पुरी ( )
4. जल धारण क्षमता सबसे अधिक होती है–
(अ) बलुई मृदा में (ब) मृण्मय मृदा में (स) दुमटी मृदा में (द) बालु और दुमट के मिश्रण में ( )
5. त्वचा द्वारा श्वसन करने वाला जीव है–
(अ) मछली (ब) केंचुआ (स) कॉकरोच (द) छिपकली ( )
6. रक्त परिसंचरण की खोज करने वाले वैज्ञानिक थे–
(अ) विलियम हार्वे (ब) विलियम कोजीन (स) रदरफॉर्ड (द) न्यूटन ( )
7. मादा युग्मक अथवा अंड का निर्माण होता है–
(अ) परागकोश में (ब) बीजांड में (स) वर्तिकाग्र में (द) वर्तिका में ( )
8. चाल का मुल मात्रक है–
(अ) Km/min (ब) m/min (स) Km/h (द) m/s ( )
9. सरल रेखा के अनुदिश गमन करता है–
(अ) प्रकाश (ब) ध्वनि (स) जल (द) उपरोक्त सभी ( )
10. विश्व जल दिवस मनाया जाता है–
(अ) 22 फरवरी (ब) 22 मार्च (स) 22 अप्रैल (द) 22 मई ( )

–:रिक्त स्थानों की पूर्ति करोः–

(लैंस, गतिक, अलैंगिक जनन, फ्यूज, ठोस)

11. बीजाणु......................करते हैं।
12. विद्युत धारा के तापीय प्रभाव पर आधारित सुरक्षा युक्ति को..........कहते है।
13. अवतल............द्वारा बनाया गया प्रतिबिम्ब पर्दे पर प्राप्त नहीं किया जा सकता।
14. ध्रुवों पर जल..........अवस्था में पाया जाता है।
15. वन एक.............सजीव इकाई है।
16. कॉलम–'अ' में दिये गये शब्दों का मिलान कॉलम– 'ब' से कीजियेः–

| कॉलम–अ | कॉलम–ब |
|---|---|
| (क) बलुई मृदा | (अ) वन |
| (ख) पतियाँ | (ब) दुरी समय का निरुपण |
| (ग) हरे फेफड़े | (स) भोजन का परिवहन |
| (घ) फ्लोएम | (द) रन्ध्र |
| (ड़) रेखाग्राफ | (य) बड़े कण |

More Questions Paper Gurusevika.in

## भाग–ब

–:सभी प्रश्न करने अनिवार्य है:–

1. मेमने के सफेद रोमों का क्या तात्पर्य है?
2. अम्ल किसे कहते है?
3. किसी दिये गये स्थान पर पवन की गति की दिशा पता लगाने के लिए दो विधियाँ बताइए?
4. समझाइये कि मृदा कैसे बनती है?
5. वायवीय और अवायवीय श्वसन के बीच समानताएँ बताइये।
6. रक्त का कण लाल क्यों दिखाई देता है?
7. कोई सरल लोलक 20 दोलन पूरे करने में 32 सेकण्ड लेता है, लोलक का आवर्तकाल क्या है?
8. विद्युत धारा के किन्ही दो प्रभावों के नाम लिखिये।
9. किस प्रकार का दर्पण वास्तविक प्रतिबिम्ब बना सकता है?
10. अंतरिक्ष से लिए गए पृथ्वी के चित्र में यह नीली क्यों दिखाई देती है?

–:कोई पाँच प्रश्नों के उतर दीजिए:–

11. उष्णकटिबंधीय वर्षावन जन्तुओं की विशाल जनसंख्या को आवास प्रदान करते है। यह समझाइये कि ऐसा क्यों है?
12. रन्ध्र क्या है? रंध्रो के दो कार्य बताइये।
13. क्या विद्युत चुम्बक का उपयोग किसी कचरे के ढेर से प्लास्टिक को पृथक करने के लिए किया जा सकता है? स्पष्ट कीजिए।
14. उतल तथा अवतल लैंसों में दो अंतर लिखिए।
15. अपघटक किन्हें कहते है? इनमें से किन्ही दो के नाम बताइये। ये वन में क्या करते हैं?
16. अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र में शलाका छन्नों के कार्यों को समझाइये।

–:निम्नलिखित प्रश्नों के उतर दीजिए:–

17. पादपों में लैंगिक जनन के प्रक्रम को समझाइये।

अथवा

मान लीजिये कि कोई विद्युत मिस्त्री आपके घर के विद्युत परिपथ में कोई मरम्मत कर रहा है। वह तांबे के एक तार को फ्यूज के रुप में उपयोग करना चाहता है, क्या आप उससे सहमत होगें? अपने उतर के लिए कारण दीजिये।

18. समतल दर्पण द्वारा बने प्रतिबिम्ब के अभिलक्षण लिखिए।

अथवा

भौंमजल स्तर के नीचे गिरने के लिए उतरदायी कारकों को समझाइये।

19. समझाइये कि वनों में विभिन्न प्रकार के जन्तुओं और पादपों के होने की आवश्यकता क्यों है?

अथवा

आपंक क्या है? समझाइये कि इसे कैसे उपचारित किया जाता है?

More Questions Paper Gurusevika.in